**उन्नत समाज का निर्माण : ब्रह्माकुमारीज़ सेवा प्रभाग द्वारा कार्यक्रम का सफल आयोजन**

# श्रेष्ठ समाज के लिए आध्यात्मिक दृष्टिकोण को अपनाना आवश्यक




**ज्ञानसरोवर-माउण्ट आबू।** ब्रह्माकुमारीज़ के ज्ञानसरोवर परिसर में समाज सेवा प्रभाग द्वारा 'समृद्ध एवं सशक्त समाज की कुंजी-अध्यात्म' विषय पर आयोजित सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर **उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत** ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान सिखाता है कि समाज को सुधारने से पहले स्वयं का सुधार आवश्यक है। **ब्रह्माकुमारीज़ की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. सुदेश दीदी** ने कहा कि सच्चे आनंद के लिए आत्मिक शक्ति का अनुभव ज़रूरी है, परिवर्तन आत्मा से शुरू होता है। असली आत्मिक विकास व समाज सेवा का सही उपाय तब होता है जब हमारा सम्बंध परमात्मा से जुड़ता है। **महाराष्ट्र,अमरावती जेल अधीक्षक श्रीमती कीर्ति चिंतामणि** ने कहा कि हमने टीवी में शिवानी बहन को सुनकर सीखा कि संकल्प से सिद्धि मिलती है और इसलिए अपने हर काम को शुद्ध संकल्पों के साथ किया जाना चाहिए। हमने नकारात्मक परिस्थितियों में भी यह सोचा कि उन्हें लोगों से दुआएं मिलें। इसके लिए हमने कारागार में बंदियों के मानसिक सुधार पर काम किया, जो केवल ब्रह्माकुमारी बहनों की प्रेरणा से संभव हुआ। **समाज सेवा प्रभाग की अध्यक्षा ब्र.कु. संतोष दीदी** ने कहा कि आध्यात्मिकता हमें यह सिखाती है कि अपनी कर्मेंद्रियों पर नियंत्रण रखने से ही हम सशक्त होते हैं। **प्रभाग के उपाध्यक्ष ब्र.कु. प्रेम** ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ संस्था ईश्वरीय मत पर सरल रीति से जीवन जीने की राह दिखाती है। इसकी विद्या से हम स्वयं को समझ सकते हैं, परमात्मा को जान सकते हैं। यहां ध्यान रखा जाता है कि आत्मा को गुणों से समृद्ध और चारित्रिक रूप से श्रेष्ठ बनाना है। मंच का कुशल संचालन **प्रभाग की अति. राष्ट्रीय संयोजिका ब्र.कु. वंदना** ने किया। **ब्र.कु. सीता** ने मेडिटेशन कॉमेंट्री के माध्यम से योग कराया। **मुख्यालय संयोजक ब्र.कु. वीरेंद्र** ने सभी भाई-बहनों और मेहमानों का धन्यवाद किया।

### पाँच दिवसीय सम्मेलन में भारत वर्ष से सैंकड़ों गणमान्य लोग हुए शरीक

पाँच दिवसीय सम्मेलन के दौरान सरजीव पटेल,चेयरमैन,इंदौर जूनियर चेम्बर चेरिटेबल ट्रस्ट, कच्छ गुजरात से आए लाइफ स्किल्स डायनेमिक मेडिटेशन संस्थापक पंडित देवज्योति शर्मा, पुणे से आए जीवन प्रकाश योजना अध्यक्ष रमणलाल लूंकड़, दृष्टि उत्थान ट्रस्ट संस्थापक श्रीमती शालू दुग्गल, दिल्ली अखिल भारतीय रचनात्मक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विभूति कुमार मिश्रा, समाजसेवी अचर्ना मेंहदीरत्ता,चण्डीगढ़, ट्रांस यूनियन सीआईबीआईएल लिमिटेड के डिप्टी वाइस प्रसिडेंट पीयूष धोका,मुम्बई, रोट्री इंटरनेशनल असिस्टेंट गवर्नर ब्र.कु. राकेश,इंदौर आदि अनेक गणमान्य लोगों सहित देशभर से आये वरिष्ठ राजयोगी ब्र.कु. भाई-बहनों ने भी अपने विचार रखे। प्रभाग की दिल्ली ज़ोन की क्षेत्रीय संयोजिका ब्र.कु. आशा व प्रभाग के राष्ट्रीय संयोजक ब्र.कु. अवतार ने भी अपने विचार रखे।

## 'एक पेड़ माँ के नाम' पौधारोपण कार्यक्रम में शहरी जनों और संस्थान ने लिया हिस्सा


**नीमच-म.प्र.।** नगरपालिका नीमच द्वारा विशाल स्तर पर आयोजित हरित नीमच अभियान के अन्तर्गत कन्या महाविद्यालय के सम्मुख 'एक पेड़ माँ के नाम' पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। इसके अन्तर्गत वार्ड क्र. 25, 34 एवं 35 के क्षेत्र में श्री जाजू कन्या महाविद्यालय के सम्मुख पुष्प पौधारोपण कार्यक्रम में **विधायक दिलीप सिंह परिहार** ने अपने सम्बोधन में नगर पालिका के प्रयासों की सराहना की, साथ ही ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के बारे में बताया कि यह संस्थान निःस्वार्थ सेवा के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी है तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम भी इस संस्थान द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर चलाये जा रहे हैं। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष पवन पाटीदार, नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा, उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करण परमाल, ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की राजयोगिनी ब्र.कु. सविता दीदी, राजयोगी सुरेन्द्र आदि विशिष्ट अतिथियों के अलावा पार्षदगण मनोहर मोटवानी, शारदा पाटनी, मीना जायसवाल, वन्दना खण्डेलवाल आदि सभी ने पुष्प पौधे रोपित किये। इस मौके पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष हेमन्त हरित, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष चोपड़ा, विनीत पाटनी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बृजेश सक्सेना, अनेक पुरस्कार प्राप्त वृक्ष मित्र जगदीश शर्मा, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक किरण मोरे, डॉ. राकेश वर्मा, साबिर मसूदी, राजेन्द्र जारोली, गौरव चोपड़ा, महिपाल सिंह चौहान आदि सहित शहर के अनेकानेक गणमान्य नागरिक व पत्रकार मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम में विशेष रूप से ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की ओर से अनेक ब्र.कु. भाई-बहनों ने भाग लिया तथा अपने बैनर व झण्डे तले अनेकानेक पौधे रोपित किये।

**नगरपालिका द्वारा आयोजित 'हरित नीमच अभियान' में ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान का अमूल्य सहयोग रहा।**
**विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष, नपा अध्यक्ष एवं ब्रह्माकुमारी सविता दीदी आदि के आतिथ्य में पुष्प पौधारोपण किया गया।**



# महिलाओं द्वारा संचालित ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत - हर्ष मल्होत्रा



**ओ.आर.सी.-गुरुग्राम।** ब्रह्माकुमारीज़ महिलाओं द्वारा संचालित विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। यह संस्था विश्व बंधुत्व के लिए महान कार्य कर रही है। उक्त विचार केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा,कॉर्पोरेट मामलों और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार ने ब्रह्माकुमारीज़ के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि ओआरसी में आने से उन्हें शक्तिशाली आध्यात्मिक ऊर्जा का आभास हुआ। साथ ही माननीय मंत्री ने ये भी कहा कि राजनीतिक जीवन में होते हुए भी उन्हें सामाजिक सरोकार का अधिक से अधिक ध्यान रहता है। जिसका असली कारण उनका राष्ट्रीय स्वयं संघ से जुड़े होना है। माउण्ट आबू से ब्रह्माकुमारीज़ की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. सुदेश दीदी ने कहा कि हम सब आत्माएं एक परमात्मा की संतान होने के नाते आपस में भाई-भाई हैं। आत्मा के स्वधर्म में स्थित होने से ही हम धार्मिक एवं भाषा के भेदभाव से ऊपर उठ सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में दैवी संस्कृति थी। जिसे हम आदि सनातन देवी-देवता धर्म के नाम से जानते हैं। लेकिन आज के युग में वो संस्कृति प्रायः लोप हो गई है। इसलिए कलियुग अंत में परमपिता परमात्मा शिव पुनः अवतरित हो उस आदि सनातन देवी-देवता धर्म की स्थापना करते हैं। कार्यक्रम में संस्था के अति. महासचिव राजयोगी ब्र.कु. बृजमोहन भाई एवं ओआरसी की निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. आशा दीदी ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर संस्थान के वरिष्ठ भाई-बहनों सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्र.कु. हुसैन ने किया।

RNI NO RAJHIN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/24-26, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2024-26, Posting on 12th TO 14th and 22nd TO 24th each month, published on 12th Aug, 2024
स्वामी - आर.ई.आर.एफ, प्रकाशक, सम्पादक एवं मुद्रक- गंगाधर नरसिंघानी द्वारा कैपिटल ऑफसेट, L 801-I, Sector-28, GIDC Gandhinagar(Guj.) से मुद्रित एवं ओमशान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,शांतिवन-राज. से प्रकाशित।
कार्यालय - ओमशान्ति मीडिया ब्रह्माकुमारीज़, शांतिवन,- 307510
See Latest News www.omshantimedia.org